# कलेक्टर सह अध्यक्ष, जलग्रहण प्रकोष्ठ सह डाटा केन्द्र (WCDC)
## जिला दक्षिण बस्तर दन्तेवाड़ा (छ0ग0)
**कार्यालय 07856-252360 फैक्स 252360 ई:मेल पता :– ddadante.cg@nic.in**


## विज्ञापन

क्रमांक 12 840/स्था/उ.स.कृ./PMKSY-2.0/2024 दन्तेवाड़ा, दिनॉक 22/02/2024

छत्तीसगढ़ राज्य जलग्रहण क्षेत्र प्रबंधन एजेन्सी (CGSWMA) इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय परिसर कृषक नगर, लाभाण्डी रायपुर छ.ग. के पत्र कमांक /668/CGSWMA/ 22 रायपुर दिनांक 29.09.2022 एवं 735/CGSWMA/22 के द्वारा प्राप्त निर्देश के परिपालन में WDC-PMKSY-2.0 योजना के सफल संचालन हेतु एक वर्ष की संविदा नियुक्ति जलग्रहण प्रकोष्ठ सह डाटा केन्द्र (WCDC) एवं कियान्वयन एजेंसी (PIA) हेतु अधोवर्णित पदों व उनके सम्मुख दर्शाये विवरण अनुसार हेतु निर्धारित न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता रखने, विशेष योग्यता सहित वांछित अर्हताधारी एवं इच्छुक अभ्यर्थियों से **दिनांक** ....08/03/2024.... **को सायं 5.30 बजे** तक संपूर्ण योग्यता एवं अनुभव आदि प्रमाण पत्रों सहित आवेदन पत्र निर्धारित प्रारूप में आमंत्रित किये जाते है:–

**न्युनतम शैक्षणिक अर्हता एवं मेरिट अंक का निर्धारण –**

<u>जिला स्तर</u> :–

| पद क्र. | स्वीकृत पद / आरक्षण की स्थिति | मासिक संविदा वेतन | न्यूनतम अर्हता | संविदा नियुक्ति के तहत चयन हेतु मेरिट अंक | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | तकनीकी विशेषज्ञ (अभियांत्रिकी) | 49000/– | कृषि अभियांत्रिकी स्नातकोत्तर/ सिविल अभियांत्रिकी में डिग्री के साथ–साथ मृदा एवं जल संरक्षण/वानिकी/शुष्कभूमि कृषि/उद्यानिकी/जलग्रहण क्षेत्र प्रबंधन में न्युनतम 3 वर्ष का अनुभव | न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता में प्राप्त प्रतिशत पर 100 अंक का Weightage देते हुए | 70 |
| | | | | कम्प्युटर प्रायोगिक परीक्षा पर | 15 |
| | अनारक्षित (मु.)–01<br>**कुल–1 पद** | | | शासकीय अथवा शासकीय उपकमों के अधीन समान वेतनमान पर कार्य अनुभव | 15 |
| | | | | **उक्त अनुभव के 15 अंक का विभाजन** | |
| | | | | न्यूनतम 3 वर्ष तक का अनुभव | 05 |
| | | | | 5 वर्ष तक का अनुभव | 10 |
| | | | | 5 वर्ष से अधिक का अनुभव | 15 |
| 2 | लेखापाल सह डाटा ऐण्ट्री आपरेटर | 20900/– | न्यूनतम– स्नातक, मान्य संस्थाओं से कम्प्यूटर में डिप्लोमा अथवा डिग्री। सामान्य प्रशासन विभाग के पत्र कमांक एफ–9–4/2005 /1/3, दिनांक 07 जून 2007 में उल्लेखित संस्थाओं द्वारा जारी प्रमाण को ही मान्य किया जावेगा। **वांछनीय–** किसी भी संस्थान से टेली में न्यूनतम 06 माह का डिप्लोमा। किसी भी चार्टड एकाउंटेंट (C.A.) से एक वर्ष का आर्टिकलसीप का अनुभव रखने वाले अभ्यार्थी को प्राथमिकता | न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता में प्राप्त प्रतिशत पर 100 अंक का Weightage देते हुए | 70 |
| | | | | कम्प्युटर प्रायोगिक परीक्षा पर | 15 |
| | अनारक्षित (मु.)–01<br>**कुल–1 पद** | | | शासकीय अथवा शासकीय उपकमों के अधीन समान वेतनमान पर कार्य अनुभव | 15 |
| | | | | **उक्त अनुभव के 15 अंक का विभाजन** | |
| | | | | न्यूनतम 3 वर्ष तक का अनुभव | 05 |
| | | | | 5 वर्ष तक का अनुभव | 10 |
| | | | | 5 वर्ष से अधिक का अनुभव | 15 |

परियोजना स्तर :-

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 3 | WDT<br>सदस्य<br>(यांत्रिकी) | 31450/- | बी.टेक. (कृषि अभियांत्रिकी) /बी.ई.सिविल के साथ-साथ मृदा एवं जलसंरक्षण /वानिकी/ शुष्कभूमि कृषि /उद्यानिकी/जलग्रहण क्षेत्र प्रबंधन में न्यूनतम 2 वर्ष का अनुभव | न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता में प्राप्त प्रतिशत पर 100 अंक का Weightage देते हुए | 70 |
| | | | | कम्प्युटर प्रायोगिक परीक्षा पर | 15 |
| | अ.ज.जा.(मु.)-2<br>**कुल-2 पद** | | | शासकीय अथवा शासकीय उपकमों के अधीन समान वेतनमान पर कार्य अनुभव | 15 |
| | | | | **उक्त अनुभव के 15 अंक का विभाजन** | |
| | | | | न्यूनतम 3 वर्ष तक का अनुभव | 05 |
| | | | | 5 वर्ष तक का अनुभव | 10 |
| | | | | 5 वर्ष से अधिक का अनुभव | 15 |
| 4 | WDT<br>सदस्य<br>(समूह विकास) | 25780/- | न्यूनतम-एम.बी.ए. अथवा प्रबंधन में समतुल्य स्नातकोत्तर डिप्लोमा / ग्रामीण प्रबंधन /विकास में स्नातकोत्तर अथवा समतुल्य स्नातकोत्तर डिप्लोमा/ सामाजिक कार्य (MSW) / समाजशास्त्र में स्नातकोत्तर<br>**वांछनीय-** मृदा एवं जल संरक्षण /वानिकी / शुष्कभूमि कृषि /उद्यानिकी / जलग्रहण क्षेत्र प्रबंधन में अनुभव रखने वाले अभ्यर्थी को प्राथमिकता | न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता में प्राप्त प्रतिशत पर 100 अंक का Weightage देते हुए | 70 |
| | | | | कम्प्युटर प्रायोगिक परीक्षा पर | 15 |
| | अ.ज.जा.<br>(मु.)-01<br>**कुल-1 पद** | | | शासकीय अथवा शासकीय उपकमों के अधीन समान वेतनमान पर कार्य अनुभव | 15 |
| | | | | **उक्त अनुभव के 15 अंक का विभाजन** | |
| | | | | न्यूनतम 3 वर्ष तक का अनुभव | 05 |
| | | | | 5 वर्ष तक का अनुभव | 10 |
| | | | | 5 वर्ष से अधिक का अनुभव | 15 |
| 5 | WDT<br>सदस्य<br>(आजीविका) | 25780/- | न्युनतम-बी.एस.सी.(कृषि/ वानिकी/उद्यानिकी/मत्स्य) / BV&AHSc<br>**वांछनीय-** मृदा एवं जल संरक्षण/वानिकी/शुष्कभुमि कृषि/उद्यानिक/ जलग्रहण क्षेत्र प्रबंधन में अनुभव रखने वाले अभ्यर्थी को प्राथमिकता | न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता में प्राप्त प्रतिशत पर 100 अंक का Weightage देते हुए | 70 |
| | | | | कम्प्युटर प्रायोगिक परीक्षा पर | 15 |
| | अ.ज.जा.<br>(मु.)-01<br>**कुल-1 पद** | | | शासकीय अथवा शासकीय उपकमों के अधीन समान वेतनमान पर कार्य अनुभव | 15 |
| | | | | **उक्त अनुभव के 15 अंक का विभाजन** | |
| | | | | न्यूनतम 3 वर्ष तक का अनुभव | 05 |
| | | | | 5 वर्ष तक का अनुभव | 10 |
| | | | | 5 वर्ष से अधिक का अनुभव | 15 |
| 6 | लेखापाल सह डाटा ऐण्ट्री आपरेटर | 18420/- | न्युनतम- स्नातक, मान्य संस्थाओं से कम्प्यूटर में डिप्लोमा अथवा डिग्री। सामान्य प्रशासन विभाग के पत्र कमांक एफ-9-4 /2005/1/3, दिनांक 07 जून 2007 में उल्लेखित संस्थाओं द्वारा जारी प्रमाण को ही मान्य किया जावेगा। | न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता में प्राप्त प्रतिशत पर 100 अंक का Weightage देते हुए | 70 |
| | अ.ज.जा.<br>(मु.)-01 | | | कम्प्युटर प्रायोगिक परीक्षा पर | 15 |
| | | | | शासकीय अथवा शासकीय उपकमों के अधीन समान वेतनमान पर कार्य अनुभव | 15 |
| | | | | **उक्त अनुभव के 15 अंक का विभाजन** | |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | कुल–1 पद | | **वांछनीय–** किसी भी संस्थान से टेली में न्यूनतम 06 माह का डिप्लोमा। किसी भी चार्टड एकाउंटेंट (C.A.) से एक वर्ष का आर्टिकलसीप का अनुभव रखने वाले अभ्यार्थी को प्राथमि | न्यूनतम 3 वर्ष तक का अनुभव | 05 |
| | | | | 5 वर्ष तक का अनुभव | 10 |
| | | | | 5 वर्ष से अधिक का अनुभव | 15 |

**नियम एवं शर्ते :–**

1. आयु दिनॉक 01.01.2024 की स्थिति में न्यूनतम 18 वर्ष तथा अधिकतम 40 वर्ष होना चाहिए, आरक्षित वर्ग हेतु शासन द्वारा समय–समय पर आयु सीमा में दी गई छूट का प्रावधान होगा।
2. संविदा नियुक्ति सामान्यतः 1 वर्ष के लिये होगी। आश्यकता के आधार पर एवं संविदा नियुक्ति व्यक्ति की उपयुक्ता का गोपनीय प्रतिवेदन द्वारा आंकलन कर सेवा वृद्धि का निर्णय ले सकेगा। संविदा नियुक्ति की समाप्ति पर संविदा नियुक्ति स्वमेव निरस्त मानी जावेगी । नियुक्ति पूर्णतः अस्थायी एवं बिना कारण बताए सेवा से समाप्त की जा सकती है।
3. उपरोक्त संविदा सेवा में सिर्फ मासिक एकमुश्त राशि देय होगा । इसके अतिरिक्ति कोई विशेष वेतन, मंहगाई भत्ता, गृह भाड़ा भत्ता इत्यादि नहीं दिया जावेगा तथा संविदा नियुक्ति के अधीन वार्षिक वेतनवृद्धि की पात्रता नहीं होगी।
4. आवेदक का रोजगार कार्यालय में जीवित पंजीयन होना चाहिए।
5. उपरोक्त सभी पदों हेतु आरक्षित वर्ग, नियमानुसार आरक्षण का लाभ दिया जायेगा। आरक्षण रोस्टर अनुसार अभ्यर्थी प्राप्त नहीं होने पर उसी प्रवर्ग के अभ्यर्थी से पद भरे जा सकेंगे।
6. एक से अधिक रिक्त पदों में भर्ती के इच्छुक अभ्यर्थियों को प्रत्येक पद के लिए अलग–अलग आवेदन जमा करना होगा।
7. आरक्षित वर्ग के आवेदकों को जाति के समर्थन में प्राधिकृत अधिकारी द्वारा जारी किया गया स्थायी जाति प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य है।
8. शासकीय/अर्द्धशासकीय अथवा निजी संस्थानों में कार्यरत् कर्मचारियों को अपना आवेदन पत्र उन संस्थाओं के नियोक्ता के अनापत्ति प्रमाण पत्र सहित प्रस्तुत किया जाना अनिवार्य होगा, अन्यथा आवेदन पत्र विचारणीय नहीं होगा।
9. उम्मीदवारों के द्वारा लिफाफों में आवेदित पद का नाम, श्रेणी स्पष्ट एवं बडे अक्षरों में दर्शाना होगा।
10. अपूर्ण, अस्पष्ट एवं त्रुटिपूर्ण आवेदन पत्रों के संबंध में उम्मीदवारों को कोई सूचना नहीं दी जावेगी। प्रत्येक आवेदक को चाहिए की विज्ञापन में दिये गये निर्देशों तथा आवेदन पत्र में सभी जानकारी देखकर एवं सावधानी पूर्वक सही एवं पूर्ण जानकारी भरें। यदि आवेदन पत्र में कोई जानकारी अपूर्ण या त्रुटिपूर्ण दी जाती है तो उसकी पूरी जिम्मेदारी आवेदक की होगी। त्रुटि अथवा अपूर्णता के आधार पर आवेदक को बिना पूर्व सूचना दिये आवेदन पत्र चयन के किसी भी स्तर पर निरस्त किया जा सकेगा।
11. आवदेन पत्र के साथ स्वयं का पता लिखा दो लिपाफा 5 रूपये का डाक टिकट सहित पत्र व्यवहार के लिये संलग्न किया जाना अनिवार्य है।
12. प्रशासनिक कारणों से अधिसूचित रिक्तियों में बदलाव, घटाया–बढाया जा सकता है, निरस्त भी किया जा सकता है।
13. शासन के भर्ती नियम में किसी प्रकार का परिवर्तन किया जाता है या निर्देश जारी किया जाता है, तो इस विज्ञप्ति में लागू होगा।
14. भर्ती प्रकिया के दौरान किसी भी विवाद अथवा समस्या पर अंतिम निर्णय लिये जाने का अधिकार नियुक्तिकर्त्ता अधिकारी के पास सुरक्षित रहेगें।
15. चयन उपरांत यदि कोई जानकारी असत्य पाई जाती है तो की गई नियुक्ति समाप्त कर दी जावेगी, साथ ही संबंधित के विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही की जावेगी।

16. विस्तृत नियम–शर्ते एवं आवेदन पत्र प्रारूप कलेक्ट्रेट कार्यालय दंतेवाड़ा के सूचना पटल एवं दंतेवाड़ा के वेबसाईट www.dantewada.nic.in पर देखा जा सकता है।

**टीपः–** यह सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी स्वयं आवेदक की होगी कि, वे आवेदित पद के लिये निर्धारित समस्त अर्हताओं तथा शर्तो को पूरा करते है, अतः आवेदन करने से पहले आवेदक अपने अर्हता की जॉच स्वयं कर लें और अर्हता की समस्त शर्तों को पूरा करने पर ही आवेदन पत्र भेजें। चयन के किसी भी स्तर पर आवेदक के अनर्हता पाये जाने पर उसका आवेदन निरस्त कर उसकी उम्मीदवारी समाप्त की जावेगी, साथ ही संबंधित के विरूद्व वैधानिक कार्यवाही की जावेगी।

**'–:आवेदन के संबध में दिशा निर्देशः–**

आवेदन पत्र इस विज्ञापन के साथ सलंग्न प्रारूप में वांछित प्रमाण पत्र एवं अंकसूचियों की सत्यापित छायाप्रति सहित प्रस्तुत किये जा सकेंगे। आवेदन पत्र के साथ संलग्न समस्त दस्तावेजों को अच्छी तरह से नस्तीबद्व किया जावे एवं पृष्ट क्रमांक भी डालें। आवेदन पत्र निर्धारित क्रम से ही व्यवस्थित कर (1. आवेदन पत्र 2. निवास प्रमाण पत्र 3. रोजगार पंजीयन प्रमाण पत्र, 4. जाति प्रमाण पत्र 5. शैक्षणिक योग्यता 6. अनुभव प्रमाण पत्र 7. अन्य प्रमाण पत्र 8. लिफाफा) पूर्णतः भरे एवं बंद हुये आवेदन पत्र कार्यालय **उप संचालक कृषि सह WCDC जिला दक्षिण बस्तर दन्तेवाड़ा (छ0ग0), पिन कोड 494449** में **दिनांक** ..08/03/2024.... **को सायं 5.30 बजे** तक पंजीकृत डाक/स्पीड पोस्ट से स्वीकार किये जायेगें। विलंब से प्राप्त आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जायेगा। इस विज्ञापन के जारी होने के पूर्व प्रस्तुत आवेदन मान्य नहीं किये जावेंगे। निर्धारित तिथि तक आवेदन प्राप्त होने की शीघ्रतिशीघ्र निर्धारित योग्यता रखने वाले पात्र एवं अपात्र अभ्यर्थियों की सूची कार्यालय उप संचालक कृषि जिला दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा के सूचना पटल पर चस्पा की जावेगी।

**कलेक्टर सह अध्यक्ष**
**जलग्रहण प्रकोष्ठ सह डाटा केन्द्र (WCDC)**
**जिला दक्षिण बस्तर दन्तेवाड़ा (छ0ग0)**

कलेक्टर सह अध्यक्ष (WCDC)
जिला दक्षिण बस्तर दन्तेवाड़ा (छ.ग.)